चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1662
दिनांक : 14/9/23

अधिसूचना

विषय : वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की दिनांक 06.06.2023 को आहूत बैठक के मद संख्या–15 के संकल्प में यह निर्णय लिया गया है कि वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली (अन्तिम वर्ष/अन्तिम सेमेस्टर को छोड़कर) के अन्तर्गत बैक पेपर के फार्म की भांति ऑनलाईन प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा का फार्म भरा जाय और ऑनलाईन फीस जमा की जाय।

अभिप्राय यह है कि सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षायें विषम सेमेस्टर के साथ और सम सेमेस्टर की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम सेमेस्टर के साथ तथा वार्षिक प्रणाली की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें वार्षिक परीक्षाओं के साथ सम्पन्न करायी जायेंगी। छात्र/छात्राओं के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर ही अपलोड किये जायेंगे। मात्र अन्तिम सेमेस्टर/अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्राओं की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें अलग से आयोजित करायी जायेंगी।

छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं हेतु प्रति पाठ्यक्रम/प्रति सेमेस्टर/वर्ष हेतु रू0 1500/– पूर्व की भांति निर्धारित किया गया है।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि परीक्षा समिति द्वारा लिये गये उक्त निर्णय से छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

12/09/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
7. मैसर्स मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. मैसर्स आई0टी0आई0 लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)